भारत सरकार

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 606
दिनांक 25 जुलाई, 2024

उत्तर प्रदेश में गैस पाइपलाइन

606. **श्री देवेन्द्र सिंह उर्फ भोले सिंह :**

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देश भर में विशेषकर उत्तर प्रदेश में ब्लॉक और ग्राम स्तर पर गैस पाइपलाइन बिछाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त कार्य के कब तक पूरा होने की संभावना है; और

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) और (ख): संपीडित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) स्टेशनों की स्थापना करना और पाइप्ड प्राकृतिक गैस (घरेलू) कनेक्शन उपलब्ध करवाना नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के विकास का हिस्सा है और यह काम पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा प्राधिकृत कंपनियों द्वारा उनके न्यूनतम कार्य कार्यक्रम (एमडब्ल्यूपी) के अनुसार किया जा रहा है।12/12 ए सीजीडी बोली दौर पूरा होने के बाद, पीएनजीआरबी ने देश भर में वर्ष 2032 तक एमडब्ल्यूपी लक्ष्य सहित 12.63 करोड़ पीएनजी कनेक्शनों की स्थापना करने के लिए 34 राज्यों/ संघ शासित प्रदेशों में फैले हुए लगभग 733 जिलों में देश के लगभग कुल 100% भौगोलिक क्षेत्र को कवर करते हुए 307 भौगोलिक क्षेत्रों (जीएज) में सीजीडी नेटवर्क का विकास करने के लिए कंपनियों को प्राधिकृत किया है।

पीजीआरबी ने 43 भौगोलिक क्षेत्रों (जीएज) (मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में फैला हुआ 1 जीए, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में फैला हुआ 1 जीए, बिहार और उत्तर प्रदेश में फैला हुआ 1 जीए तथा राजस्थान और उत्तर प्रदेश में फैला हुआ1 जीए सहित) जो उत्तर प्रदेश के सभी जिलों को कवर करते हैं, को प्राधिकृत किया है तथा प्राधिकृत सीजीडी कंपनियों से वर्ष 2030 तक उत्तर प्रदेश राज्य में लगभग 1.15 करोड़ पीएनजी घरेलू कनेक्शनों को स्थापित करना अपेक्षित है। दिनांक 31.05.2024 की स्थिति के अनुसार, राज्य में विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों (जीएसज) के परिवारों को लगभग 16.94 लाख पीएनजी (घरेलू) कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश में दिनांक 31.05.2024 तक 52548 इंच-किलोमीटर पाइपलाइन के एमडब्ल्यूपी लक्ष्य की तुलना में 82719 इंच-किलोमीटर इस्पात पाइपलाइन और एमडीपीई पाइपलाइन को बिछाया गया है।

*****